श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 88, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण | प्रयागराज | मंगलवार, 3 नवम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## एसपीजी के पूर्व अधिकारियों के जिम्मे होगा पीएम का बाहरी सुरक्षा घेरा, तालमेल बनाने में होगी सहूलियत

### एसपीजी में काम कर चुके पुलिस अधिकारी को दी जाएगी जिम्मेदारी



**नई दिल्ली, आइएएनएस।** राज्यों के दौरे के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाहरी सुरक्षा घेरे की व्यवस्था में बदलाव किया जा रहा है। अब बाहरी सुरक्षा घेरे की जिम्मेदारी ऐसे पुलिस अधिकारी पर रहेगी, जिसने स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (रढक्ष) के साथ काम किया होगा और प्रधानमंत्री की सुरक्षा में भूमिका निभा चुका होगा। तालमेल में कमी और एसपीजी की जरूरतों को नहीं समझ पाने जैसी स्थितियों से निपटने के लिए यह बदलाव किया गया है।

सूत्रों के मुताबिक इस संबंध में जारी निर्देश में कहा गया है कि एसपीजी के साथ काम का अनुभव रखने वाले पुलिस अधिकारियों को राज्यों में पीएम के दौरे के समय सुरक्षा के लिए तैयार किया जाना चाहिए। दौरे के समय एसपीजी पर केवल प्रधानमंत्री के आसपास की सुरक्षा की जिम्मेदारी होती है, जबकि पीएम के बाहरी सुरक्षा घेरे का जिम्मा संबंधित राज्य पर रहता है। इसमें पूर्व एसपीजी और अन्य प्रशिक्षित कर्मी होने चाहिए। निदेशों में यह भी कहा गया है कि एसपीजी में प्रतिनियुक्ति पर जाने वाले पुलिस अधिकारियों के लिए एक महीने का प्रशिक्षण कोर्स होना चाहिए। यह प्रशिक्षण उन्हें मूल इकाई में वापस भेजे जाने से ठीक पहले मिलना चाहिए। ऐसे अधिकारियों को अपनी मूल इकाई में पहुंचकर अन्य लोगों को प्रशिक्षित करना चाहिए। केरल कैडर के 1987 बैच के आइपीएस अधिकारी अरुण कुमार सिन्हा मार्च, 2016 से एसपीजी के प्रमुख के रूप में काम कर रहे हैं। दिसंबर, 2019 में मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने सिन्हा का कार्यकाल 30 जुलाई, 2021 तक बढ़ा दिया था। पिछले साल, केंद्र सरकार ने एसपीजी अधिनियम, 1988 में संशोधन भी किया था। इसके तहत एसपीजी सुरक्षा कवर केवल प्रधानमंत्री को मिलेगा। पूर्व प्रधानमंत्रियों को पद छोड़ने के पांच साल बाद तक एसपीजी सुरक्षा मिलेगी। पूर्व प्रधानमंत्रियों के साथ उनके आवास पर रहने वाले परिजनों को भी इतने समय तक ही एसपीजी सुरक्षा कवर मिलेगा।


## कोरोना से निपटने की सरकार की रणनीति कारगर, तेजी से सुधरेगी इकोनॉमी : फिक्की




**नई दिल्ली, प्रेट्र।** प्रमुख उद्योग संगठन फिक्की की प्रेसिडेंट संगीता रेड्डी ने कहा है कि कोविड-19 से निपटने की देश की रणनीति कारगर रही है। इकोनॉमी वापस तेज विकास करने के साथ और मजबूत होकर उभरने के लिए तैयार है। रेड्डी का कहना था कि दुनियाभर की सरकारें इस असमंजस में पड़ी दिखीं कि जीवन बचाने और जीविका बचाने में संतुलन कैसे स्थापित किया जाए। भारत ने लॉकडाउन लगाकर हेल्थ इन्फ्रा मजबूत करने और जीवन बचाने पर फोकस किया। यह रास्ता बेहद कारगर साबित हुआ है।

रेड्डी के मुताबिक विज्ञान ने इस दौरान इलाज के बेहतर तरीके खोजे, मेडिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित किया गया और पीपीई किट जैसी चीजों की आपूर्ति बढ़ाकर कोरोना से मौत पर काबू पाया गया। जीवन बचाने के ये सभी उपाय कारगर साबित हुए, अब आजीविका बचाने के लिए मजबूत कदम उठाने की जरूरत है। हालिया मौद्रिक नीति ने यह साबित किया है कि सरकार और केंद्रीय बैंक इकोनॉमी को आगे बढ़ाने के लिए कोई भी कदम उठाने को तैयार हैं। अब हमें विकास को गति देने के एजेंडे पर तेजी से कदम बढ़ाने होंगे। रेड्डी ने कहा कि इकोनॉमी में सुधार के सभी संकेत मिलने लगे हैं। फिक्की की अध्यक्ष ने कहा कि भारत की आर्थिक ताकत की बुनियाद और जुझारू क्षमता कायम है। रेड्डी ने कहा कि सरकार की प्रगतिशील नीतियां, प्रमुख बुनियादी ढांचा विकास योजनाएं और बड़ा उपभोक्ता बाजार सभी वृद्धि की गुंजाइश का संकेत देते हैं। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था में सुधार के शुरूआती संकेत दिखने लगे हैं। उन्होंने कहा कि सितंबर में विनिर्माण और सेवा पीएमआई सुधरकर क्रमशः 56.8 और 49.8 पर पहुंच गए हैं।

## कोरोना की रफ्तार पड़ रही धीमी, 24 घंटों में 50 हजार से कम मामले




**नई दिल्ली, एएनआइ।** भारत में कोरोना वायरस संक्रमण की रफ्तार काबू में आती नजर आ रही है। बीते 24 घंटों में भी भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के 50 हजार से कम मामले सामने आए हैं। साथ ही मौत का आंकड़ा भी लगातार कम हो रहा हैं। भारत में बीते 24 घंटों में कोरोना वायरस संक्रमण के 45,230 नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान 496 लोगों की मौत हुई। संक्रमितों का कुल आंकड़ा 82,29,313 पहुंच गया है। हालांकि, सक्रिय मामले की संख्या सिर्फ 5,61,908 रह गई है। पिछले 24 घंटों में 53,285 लोगों ने कोरोना को मात दी है। अब तक 75,44,798 लोग इस जानलेवा वायरस को मात दे चुके हैं।

भारत तेजी से जांच कर संक्रमितों की पहचान और उनको जल्द इलाज देने की रणनीति पर काम कर रहा है। इसका फायदा होता भी नजर आ रहा है। पिछले काफी दिनों से संक्रमितों का आंकड़ा 50 हजार से कम सामने आ रहा है। भारत में अब तक कोरोना के 11,07,43,103 सैंपल टेस्ट किए जा चुके हैं। बीते 24 घंटों की बात करें, तो 8,55,800 सैंपल टेस्ट किए गए हैं। सैंपल टेस्टिंग के मामले में भारत से ऊपर सिर्फ अमेरिका है। कोरोना महामारी से जूझ रहे भारत के लिए अक्टूबर का महीना सुकून देने वाला रहा। सितंबर के मुकाबले अक्टूबर में नए मामलों और मरने वालों की संख्या 30 फीसद कम रही। जबकि, इस दौरान महामारी को मात देने वालों की संख्या 30 फीसद बढ़ गई। सक्रिय मामलों में गिरावट रख बना हुआ है। पिछले तीन दिनों से सक्रिय मामले छह लाख से नीचे बने हुए हैं। मरीजों के महामारी से उबरने की दर बढ़कर 91.54 फीसद हो गई है और मृत्युदर गिरकर 1.49 प्रतिशत रह गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अक्टूबर में कुल 18,71,498 नए मामले सामने आए, जबकि सितंबर में कुल 26,21,418 नए मामले सामने आए थे। अब तक सामने आए कुल संक्रमितों की तुलना में अक्टूबर में 22.87 फीसद मामले मिले। पिछले महीने 23,433 लोगों की मौत भी हुई, जो सितंबर के मुकाबले 30 फीसद कम है। वहीं, इस दौरान 22 लाख से अधिक मरीज स्वस्थ हुए।

## फीस बढ़ोतरी सहित स्कूलों की मनमानी पर लगेगा अंकुश, सभी राज्यों में गठित होगा एसएसएसए



**अरविंद पांडेय, नई दिल्ली।** स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने की सरकार की कोशिशें वैसे तो लगातार जारी है, लेकिन शिक्षा के तेजी से होते व्यवसायीकरण की आंधी में वह कभी टिक नहीं पायी। पर अब ऐसा नहीं होगा। स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को मजबूत बनाने के लिए सभी राज्यों में एक स्वतंत्र प्राधिकरण का गठन होगा। फिलहाल इसे राज्य विद्यालय मानक प्राधिकरण (एसएसएसए) नाम दिया गया है। जो स्कूलों की गुणवत्ता को बरकरार रखने के साथ उनकी फीस बढ़ोतरी, किताबों के चयन आदि से जुड़ी मनमानी पर भी रोक लगाएगी।

स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षो में गली-मोहल्ले में दो-दो कमरों में चलने वाले निजी स्कूलों की जिस तरह से बाढ़ आयी, उसके बाद स्कूलों की गुणवत्ता को लेकर नए सिरे से मंथन शुरू हुआ था। हालांकि इसके रोकथाम के लिए कोई सख्त उठाया जाता, इससे पहले हाल ही में आयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी इस विषय को गंभीरता से उठाया गया। साथ ही स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता बरकरार रखने के लिए राज्य स्तर पर कड़े उपायों की जरूरत बताई गई।

शिक्षा मंत्रालय ने फिलहाल राज्यों के साथ मिलकर इस पर विचार-विमर्श शुरू कर दिया है। इसके तहत अब स्कूलों को प्राधिकरण की ओर तय मानकों को अपनाना जरूरी होगी। वहीं इन मानकों का निर्धारण भी दुनिया भर में स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर रखने के लिए अपनायी जाने वाली बेहतरीन पहल के आधार पर किया जाएगा। जिसका फोकस स्कूलों में बचाव, सुरक्षा, आधारभूत ढांचा, कक्षाओं और विषयों के आधार पर शिक्षकों की संख्या, वित्तीय ईमानदारी और शासन की उपयुक्त प्रक्रिया आदि के आधार पर किया जाएगा। फिलहाल प्राधिकरण की ओर से तय किए जाने वाले मानकों का पालन सभी स्कूलों के लिए अनिवार्य होगा। हालांकि इन मानकों को अंतिम रूप से देने से पहले स्कूलों के शिक्षकों और अभिभावकों की राय भी ली जाएगी।

स्कूलों की गुणवत्ता को मजबूती देने की इस योजना के तहत सभी स्कूलों को हर साल राज्य विद्यालय मानक प्राधिकरण (एसएसएसए) की ओर से तय मानकों के आधार पर एक स्व-घोषणा करनी होगी। बाद में किसी स्वतंत्र एजेंसी से इसे जांचा जाएगा। साथ ही मानक पर खरे न उतरने पर इसका रिपोर्ट राज्य के स्कूली शिक्षा विभाग को देगा। जो राज्य में स्कूली शिक्षा की सर्वोच्च निकाय है। फिलहाल मौजूदा समय में स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को मजबूती देने के लिए केंद्र सरकार के बड़े कदम उठा चुकी है। इनमें स्कूली बच्चों के लिए न्यूनतम सीखने के मानकों का निर्धारण और शिक्षकों को प्रशिक्षण देना प्रमुख है। पिछले सालों में सरकार ने सरकारी और निजी स्कूलों में पढ़ा रहे करीब 15 लाख शिक्षकों को आनलाइन माध्यम से प्रशिक्षित किया था। अभी भी शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए निष्ठा कार्यक्रम शुरू कर रखा है।

## पटाखों पर प्रतिबंध लगाए सरकार, केंद्र और दिल्ली समेत कई राज्यों को एनजीटी ने दिया नोटिस




**नई दिल्ली, एजेंसी।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (NGT) ने केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय तथा चार राज्य सरकारों को पटाखों पर प्रतिबंध लगाने को कहा है। ट्रिब्यूनल ने कहा है कि लोगों की सेहत और पर्यावरण के हितों को देखते हुए सात से 30 नवंबर तक यह प्रतिबंध लागू किया जाना चाहिए। एनजीटी चेयरपर्सन जस्टिस एके गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण कमेटी, दिल्ली पुलिस आयुक्त और दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान की सरकारों से इस संबंध में जवाब मांगा है।

ट्रिब्यूनल ने वरिष्ठ अधिवक्ता राज पंजवानी और शिवानी घोष को इस मामले में सहयोग के लिए न्याय मित्र के तौर पर नियुक्त किया है। दिल्ली एनसीआर में वायु की गुणवत्ता खराब हो चुकी है। बढ़ता प्रदूषण कोरोना महामारी के संकट को और बढ़ा सकता है। इससे बचने के लिए इंडियन सोशल रेस्पांसिबिलिटी नेटवर्क ने एनजीटी के समक्ष याचिका देकर एनसीआर में पटाखों पर प्रतिबंध के लिए कदम उठाने की अपील की है।

इस याचिका में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री के बयानों का भी हवाला दिया गया है, जिनमें कहा गया था कि वायु प्रदूषण के कारण त्योहारों के मौसम में दिल्ली में कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ सकते हैं।

याचिका में कहा गया कि कोरोना से संक्रमित लोगों पर प्रदूषण का दुष्प्रभाव ज्यादा याचिका में कहा गया है, 'प्रदूषण बढ़ने से ऐसे लोगों पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है, जिन पर पहले से ही कोरोना संक्रमण का खतरा ज्यादा है। साथ ही इससे मृत्यु दर भी बढ़ सकती है। अभी दिल्ली में रोजाना कोरोना संक्रमण के करीब 5,000 नए मामले आ रहे हैं और यह संख्या बढ़कर 15,000 पर पहुंच सकती है। ग्रीन (ईको फ्रेंडली) पटाखे फोड़ना समस्या का समाधान नहीं है। हवा में धुआं भर जाएगा और गैस चैंबर जैसी स्थिति बन सकती है।'

## श्रीलंका की नौसेना ने भारतीय मछुआरों पर किया हमला, 50 नावों को भी किया क्षतिग्रस्त

### मछुआरों को बिना मछली पकड़े ही वापस आना पड़ा




**रामेश्वरम, प्रेट्र।** रामेश्वरम स्थित समुद्री किनारे से मछली पकड़ने गए लगभग चार हजार मछुआरों पर श्रीलंका की नौसेना ने हमला कर भागने पर विवश कर दिया। उनकी 50 से अधिक नावों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना के बाद मछुआरों को बिना मछली पकड़े ही वापस आना पड़ा।

मछुआरा संघ के अध्यक्ष पी सेसुराजा ने कहा कि शनिवार को मछुआरे समुद्र में धनुषकोडि और कच्चतीवु के बीच अत्याधुनिक नावों से मछली का शिकार कर रहे थे। इस बीच श्रीलंकाई नौसेना के जवान भारी संख्या में आ धमके। उन्होंने पत्थरों से हमला कर दिया।

उन्होंने कहा कि इसके बाद 20 से अधिक नावें शनिवार शाम तक वापस आ गईं, जबकि अन्य नावें रविवार सुबह तक वापस आईं। बताया कि लगभग 50 नावों में लगी मछली पकड़ने वाली जालें वहीं छूट गईं। इससे मछुआरों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। हाल के दिनों में बीच समुद्र में भारतीय मछुआरों के साथ इस तरह की कई घटनाएं हो चुकी हैं। वहीं, दूसरी तरफ, तमिलनाडु के 72 वर्षिय कृषि मंत्री आर दोरईक्कान्नू का शनिवार रात कोरोना वायरस संक्रमण के कारण निधन हो गया। दोरईक्कान्नू को कावेरी अस्पताल में 13 अक्टूबर को लाया गया था और उसके बाद से उनका यहां इलाज चल रहा था। उन्हें बेचैनी की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तमिलनाडु के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने दोरईक्कान्नू के निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि मंत्री के निधन के बारे में जानकर उन्हें दुख हुआ। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा कि दोरईक्कान्नू अपनी सादगी, विनम्रता, साफगोई, शासन कौशल और किसान समुदाय के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते थे...।

## भारत के चार दिन के दौरे पर आ रहे केन्या के रक्षा बलों के प्रमुख, इन दिग्गजों से होगी मुलाकात



**नई दिल्ली, एजेंसियां।** केन्या के रक्षा बलों के प्रमुख जनरल राबर्ट किबोची सोमवार से भारत की चार दिवसीय यात्रा पर आ रहे हैं। समाचार एजेंसी एएनआइ के मुताबिक, अफ्रीकी देशों से बाहर भारत वह पहला मुल्क है जहां वह आ रहे हैं। यही नहीं जनरल राबर्ट किबोची की यह पहली भारत यात्रा है। जनरल किबोची ने बीते मई महीने में केन्या के रक्षा बलों के प्रमुख का पदभार संभाला था।

समाचार एजेंसी आइएएनएस के मुताबिक, जनरल राबर्ट किबोची भारतीय रक्षा मंत्रालय के खास निमंत्रण पर आ रहे हैं। अपनी यात्रा के दौरान उनका रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, तीनों सेनाओं के प्रमुखों और विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलने का कार्यक्रम है। जनरल रॉबर्ट किबोची की यह यात्रा द्विपक्षीय भागीदारी को मजबूती देने के मकसद से हो रही है।

अपनी यात्रा के दौरान किबोची आगरा, महू और बेंगलुरू जाएंगे। केन्याई जनरल ने 1984-1987 के दौरान महू के मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकॉम इंजीनियरिंग में टेलीकॉम इंजीनियरिंग का कोर्स किया था। उनकी इस यात्रा से भारत और केन?या के द्विपक्षीय रिश्तों को और मजबूती मिलेगी। केन्या के साथ द्विपक्षीय सहयोग में रक्षा, आतंकवाद, संयुक्त राष्ट्र शांति संचालन, स्वास्थ्य और साइबर सुरक्षा जैसे मसले शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि भारत दुनिया के तमाम मुल्कों के साथ अपने रिश्तों को मजबूती देने में जुटा हुआ है। बीते दिनों अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोंपियो और रक्षा मंत्री मार्क एस्पर ने भारत यात्रा की थी। इस दौरान भारत और अमेरिका के बीच सबसे अहम बीका समझौता हुआ था। इस समझौते के बाद चीन की बैचेनी बढ़ गई थी। चीन ने अमेरिका से कहा था कि वह बीजिंग और क्षेत्र के देशों के बीच कलह के बीज बोना बंद करे और क्षेत्रीय शांति एवं स्थायित्व को नुकसान न पहुंचाए।

### करवा चौथ को एमपी में चंद्रदर्शन पूर्वी जिलों में पहले और पश्चिमी जिलों में दिखेगा 20 मिनट बाद

**होशंगाबाद, राज्य ब्यूरो।** मध्य प्रदेश के सतना सहित पूर्वी जिलों में बुधवार को करवा चौथ का चांद पहले उदित होगा, वहीं आलीराजपुर सहित पश्चिमी जिलों में चांद के दर्शन के लिए कुछ इंतजार करना पड़ेगा। करवा चौथ पर 4 नवंबर को चंद्रदर्शन पूर्वी जिलों में पहले और पश्चिमी जिलों में 20 मिनट बाद दिखेगा नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने करवा चौथ पर 4 नवंबर के चंद्रदर्शन के बारे में बताया कि मध्य प्रदेश के पूर्वी जिलों में चंद्रमा पहले और पश्चिमी जिलों में लगभग 20 मिनट बाद चंद्रदर्शन हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि सतना में शाम 8.07 बजे चंद्रोदय होना आरंभ होगा तो आलीराजपुर में यह 8:38 मिनट पर आरंभ होगा। करवा चौथ के चांद का आकाश में साथ देंगे मंगल, शनि और गुरु ।सारिका ने बताया कि चंद्रमा के साथ आकाश में लाल चमकते मंगल ग्रह तो पश्चिम दिशा में जाते शनि और गुरु को देखा जा सकेगा। उन्होंने बताया कि चंद्रमा लगभग चार लाख किमी से कुछ अधिक दूरी पर होगा तथा लभगग 90 प्रतिशत चमक के साथ दर्शन देगा।

## सुप्रीम कोर्ट का निचली अदालतों को निर्देश, तब्लीगी जमात के विदेशी सदस्यों के मामलों की सुनवाई करें तेज



**नई दिल्ली, प्रेट्र।** सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत से कहा कि वीजा नियमों के उल्लंघन के आरोपी तब्लीगी जमात के विदेशी सदस्यों के खिलाफ दायर मुकदमों की सुनवाई में तेजी लाएं। जस्टिस एएम खानविलकर, दिनेश माहेश्वरी और संजीव खन्ना की पीठ ने जमात के 13 विदेशी सदस्यों को निजामुद्दीन में एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए काली सूची में डालने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर आगे की सुनवाई के लिए 20 नवंबर की तारीख तय की है और निचली अदालत से इनके मामलों की सुनवाई तेजी से करने को कहा।

जमात के सदस्यों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मेनका गुरुस्वामी ने कहा कि आठ सदस्यों की रिहाई की मांग वाली याचिका पर निचली अदालत में 10 नवंबर को सुनवाई होनी है। वहीं वरिष्ठ वकील सीयू सिंह ने कहा कि प्रशासन ने मामले में पुनर्विचार की मांग की है, जिसमें जमात के कुछ सदस्यों को रिहा कर दिया गया है।

पीठ ने पाया कि अदालत को ऐसी याचिकाओं को तेजी से निपटाना चाहिए। सिंह ने कहा कि यह विदेशी तब्लीगियों के लिए सजा बन गई है। रिहाई के बाद भी पुनद्ग्वचार के लिए आवेदन किया गया है और अब उस पर सुनवाई होगी। उन्हें अपने देश वापस जाने की अनुमति नहीं दी गई है। इससे पहले, शीर्ष अदालत ने इन विदेशी तब्लीगी सदस्यों की याचिका पर बिहार सरकार से जवाब मांगा था। वे चाहते थे कि उनके मामले राज्य में एक ही अदालत को सौंप दिए जाएं।

केंद्र की ओर से पेश सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सारे मामले एक ही अदालत में सुने जाने पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। दिल्ली में साकेत की अदालत में सभी मामलों की एक साथ सुनवाई हो भी रही है।

इससे पूर्व केंद्र ने कोर्ट को बताया कि 35 देशों के जिन तब्लीगी सदस्यों ने खुद को काली सूची में डालने को चुनौती दी है उनके खिलाफ जारी लुकआउट नोटिस वापस ले ली गई हैं। ज्ञात हो, 11 राज्यों में तब्लीग के 2,765 सदस्यों के खिलाफ 205 एफआइआर दर्ज कराई गई हैं। इनमें से 2,679 लोगों के वीजा रद किए जा चुके हैं। बाकी 86 नेपाली नागरिक हैं जिन्हें वीजा की जरूरत नहीं होती।

# ग्रामीण अंचल

प्रयागराज मंगलवार, 3 नवम्बर, 2020

## संक्षेप समाचार

### अवैध शराब की भट्ठियों पर पुलिस ने चलाया डण्डा, चार गिरफ्तार

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के अरैल गांव में सोमवार को पुलिस ने अवैध रूप से चल रहे शराब की भट्ठियों पर कार्यवाई करते हुए भारी मात्रा में बराबद लहन को नष्ट कर दिए। जबकि दर्जनों लीटर अवैध शराब के साथ चार लोगों को गिरफ्तार कर चालान कर दिए । जानकारी के मुताबिक करछना क्षेत्राधिकारी सोमेंद्र मीणा व इंस्पेक्टर जीतेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम सोमवार को नैनी कोतवाली क्षेत्र स्थित अरैल गांव में पहुंची और अवैध रूप से तैयार की जा रही शराब की भट्ठीओं पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए डेढ़ दर्जन से अधिक भट्ठियों को लाठी के वार से तोड़ डाला। मौके पर लगभग 15 कुंतल से अधिक बरामद लहन को वहीं पर नष्ट करते हुए 60 लीटर महुए से निर्मित कच्ची शराब के साथ चार लोगों को गिरफ्तार कर नैनी कोतवाली उठा लाए। सभी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए चालान कर दिए।

## भीषण जाम के चलते विवाहिता को पैदल चारपाई से नर्सिंग होम लेकर पहुंचे परिजन, मौत

### जाम में अप्पे वाहन फंस जाने से परिजनों ने चारपाई खरीद विवाहिता को पैदल पहुंचाया अस्पताल, डॉक्टरों ने किया मृत घोषित

**जसरा।** विकास खंड जसरा के ग्राम पंचायत पिपरांव की बृजेश चौहान की पत्नी सुशीला चौहान 25वर्ष को सुबह प्रसव के लिए जसरा सीएचसी ले आये जहां उसको बच्चा पैदा हुआ। उसके बाद परिजनों ने उसे लेकर पिपरांव चले गये। शाम को सुशीला चौहान की तबियत जैसे बिगड़ने लगी परिजन अप्पे से लेकर जसरा एक निजी नर्सिंग होम पर ले जा रहे थे। जसरा में भीषण जाम के चलते अप्पे को रोककर बाजार में एक चारपाई खरीदी। चारपाई से बृजेश उसका भाई बुधराम चौहान व भाभी जलकेशी देवी उठाकर पैदल नर्सिंग होम गये। जहां डाक्टर ने देखते ही सुशीला को मृत घोषित कर दिया। परिजन लाश लेकर सीएचसी गये हैं। चौकी इंचार्ज गौहनिया एसपी सिंह अपने हमराहियों के साथ जाम छुडाने में लगे हैं। चौकी इंचार्ज ने बताया कि जाम का एक कारण नो इन्ट्री खुल जाना भी है।



लगा भीषण जाम व विवाहिता को चारपाई पर लादकर अस्पताल ले जाते परिजन

## नैनी गुरुद्वारे में श्रद्धा के साथ मनाया गया चौथे गुरु रामदास का प्रकाशोत्सव

**नैनी।** नैनी गुरुद्वारा संगत की ओर से सिखों के चौथे गुरु रामदास का प्रकाशोत्सव धूमधाम व श्रद्धा के साथ मनाया। संगतों का प्रातः काल से ही गुरुद्वारे में आना प्रारंभ हो गया। संगतों ने गुरु ग्रंथ साहब के आगे मत्था टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया और पंक्तिबध मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग एवं सैनिटाइजेशन का प्रयोग करके पंथ के प्रसिद्ध रागी जत्थों ने शब्द- कीर्तन दरबार, व्याख्या, गुरु इतिहास का वर्णन किया। बताया गया कि गुरु रामदास ने अपनी वाणी में जीवन धर्म के चार चरण बताएं हैं। जिनमें ईश्वर का नाम दृढ़ कर, दिन-रात उसकी आराधना भक्ति को, उन्होंने प्रथम चरण कहा। गुरु रामदास साहिब को अमृतदाता भी कहा जाता है। हुक्मनामा, अरदास के उपरांत गुरु का प्रसाद वितरण हुआ। सेवादारों में प्रमुख रूप से सुरेंद्र सिंह, कृपाल सिंह, सतविंदर सिंह, सरनजीत सिंह, जेएस चावला, वरयाम सिंह, सरदार पतविंदर सिंह, किरण, हरप्रीत कौर, दलजीत कौर आदि मौजूद थे।



कैंडिल जलाकर न्याय की मांग करते एबीवीपी के कार्यकर्ता

### लव जिहाद पर हो सख्त कानून : एबीवीपी

**फूलपुर।** धर्म न बदलने पर हरियाणा में हुई निकिता की हत्या से दुखित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद फूलपुर इकाई के कार्यकताओं ने फूलपुर के गोमती इंटर कॉलेज में सोमवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस दौरान कार्यकताओं ने कैडिल जलाकर मृतका की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। तहसील संयोजक विशाल कुमार सत्या ने कहा कि लव जिहाद देश में बहुत गंभीर समस्या बनती जा रही है । इस पर रोक के लिए सरकार को सख्त कानून बनाना चाहिए। नगर मंत्री उमेश प्रजापति ने कहा कि तौसीफ व रेहान जैसे अपराधियों को सख्त सजा मिले जिससे आपराधिक मानसिकता के लोगों में कड़ा सन्देश जाए, नगर अध्यक्ष किशन साहू ने कहा कि देश भर में महिलाओं के प्रति हिंसा चिंताजनक है। समाज के हर वर्ग को इसके खिलाफ आगे आना चाहिए। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पूर्व विभाग संयोजक राजकुमार कश्यप, प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य प्रांशु तिवारी, नामित सभासद व पूर्व कार्यकर्ता राय साहब केशरी, विजय शंकर पुष्पाकर, योगेश प्रजापति, अभिषेक मौर्य, नवीन कुमार चौरसिया, विष्णु केशरी, सागर, गोलू, तहसील संयोजक विशाल कुमार सत्या, नगर मंत्री उमेश चक्रवर्ती, नगर अध्यक्ष किशन साहू सहित एबीवीपी के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अधिशासी अभियंता पर अभद्रता का आरोप कर्मचारियों ने खोला मोर्चा, हटाने की मांग

**डिप्लोमा इंजीनियर्स संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने मुख्य अभियंता समेत आला अफसरों से लगाई गुहार**

**नैनी ।** जल निगम के अधिशासी अभियंता की कार्यशैली से नाराज कर्मचारियों ने मुख्य अभियंता को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगों को अनसुना किया गया तो वह संगठनात्मक ढंग से विरोध पर उतरने को विवश होंगे। उत्तर प्रदेश जल निगम प्रयागराज परिक्षेत्र निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता पर कर्मचारियों ने गाली गलौज एवं अभद्रता का आरोप लगाया है। डिप्लोमा इंजीनियर्स संगठन उत्तर प्रदेश जल निगम के मंडल सचिव दुर्गेश कुमार की तरफ से मुख्य अभियंता को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि अधिशासी अभियंता मातहतों से अभद्रता पूर्ण व्यवहार से बाज नहीं आ रहे हैं। इस संबंध में कई बार शिकायत हो चुकी है और हर बार अधिशासी अभियंता ने अपनी गलती सुधारने का आश्वासन दिया था, लेकिन दोबारा वह अपनी अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगते हैं। जिससे आजिज आकर डिप्लोमा इंजीनियर्स संगठन ने अब आर पार की लड़ाई की तैयारी की है। संगठन ने अधिशाषी अभियंता को तत्काल हटाए जाने की मांग की है। संगठन से जुड़े कर्मचारियों अजय पासवान, मुकेश कुमार पाल, विपिन कुमार यादव, विनय कुमार सिंह, मनोज श्रीवास्तव, श्यामबाबू पाल, सुरेंद्र प्रताप, संदीप सेन, रोहित कुमार, अभिषेक सिंह आदि ने पत्र के माध्यम से अधिशाषी अभियंता को एक हफ्ते के अंदर हटाने की मांग की है।

## जसरा रेलवे क्रॉसिंग पर प्रतिदिन भीषण जाम लगने से लोग परेशान

**जसरा।** प्रयागराज बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित जसरा रेलवे क्रॉसिंग पर प्रतिदिन लगने वाले जाम से निजात पाने के लिए जसरा के व्यापारियों के साथ ही क्षेत्रीय लोगों ने स्थानीय सांसद व विधायक से गुहार लगाई है। लोगों का कहना है कि जसरा के अलावा आसपास के रेलवे फाटक पर फ्लाईओवर का निर्माण सरकार द्वारा कराया जा चुका है।

जसरा की रेलवे फाटक पर लगातार ट्रेनों के आवागमन के कारण भीषण जाम लगना आम बात हो गई है ।

व्यापारियों की दुकानों के सामने वाहनों की लंबी कतारों के लग जाने से उनकी पूरी दुकानदारी चौपट हो रही है फाटक बंद होते ही भारी संख्या में दो पहिया व चार पहिया बेतरतीब ढंग से खड़े हो जाते हैं फाटक खुलते ही आगे निकलने की होड़ में जाम में फंस जाते हैं। वाहनों के साथ ही नवीन मंडी स्थल जसरा में प्रतिदिन सुबह आसपास के गांवों के किसानों द्वारा हरी सब्जी ले जाया जाता है ।फाटक के बंद होने के कारण घंटों जाम में फंसकर वह समय से मंडी नहीं जा पा रहे हैं। जबकि इसी रास्ते से होकर प्रतिदिन एसडीएम को तहसील बारा जाना पड़ता है लेकिन इस समस्या के समाधान के लिए किसी भी अधिकारी के पास कोई हल नहीं पड़ रहा है।



भीषण जाम में फंसे राहगीर

### एंबुलेंस को घंटों रुकना पड़ता है

जसरा रेलवे फाटक बंद होने पर वाहनों की लंबी कतारों के लगने से गंभीर मरीजों को अस्पताल जाने वाले एंबुलेंस घंटों जाम में फंसे रह जाते हैं ।जाम में फंसने पर कई मरीजों को अपनी जान तक गंवानी पड़ी है।

### परेशान हो जाते हैं स्कूली बच्चे

स्कूलों में पढ़ने वाले हाईस्कूल व इंटर के बच्चों को फाटक पर घंटों जाम में फंसना पड़ता है। जसरा बाजार में 5 इंटर कॉलेज व हाई स्कूल के अलावा कई कॉन्वेन्ट स्कूल भी हैं ।जिसमें अगल बगल के गांव से प्रतिदिन हजारों बच्चे पढ़ने जाते हैं।

### डिवाइडर से नहीं लगेगा जाम

बाजार व आसपास के लोगों का कहना है कि अगर सड़क के दोनों ओर डिवाइडर बना दिया जाए तो वाहनों के निकलने में सुगमता हो जाए और जाम कम समय में ही समाप्त हो सकता है।

### ग्राहकों का रुख दूसरे बाजारों की ओर

जसरा बाजार के व्यापारियों ने बताया कि क्षेत्र के ज्यादातर ग्राहक अब आसपास की दूसरी बाजारों जैसे घूरपुर, करमा, गौहनिया और जारी बाजार में जाकर सामानों की खरीद करने लगे हैं जिससे व्यापार भी प्रभावित हो रहा है।

## हमे पहुचना उस मंजिल तक जिसके आगे राह नही : प्रभा शंकर पाण्डेय



दो दिवसीय केंद्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता

**भाजपा मंडल लालापुर मनकामेश्वर कार्यशाला को वरिष्ठ वक्ताओं ने सम्बोधित किया**

**लालापुर।** भारतीय जनता पार्टी यमुनापार लालापुर मनकामेश्वर मंडल के दो दिवसीय केंद्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन सोमवार को ज्वाला देवी इंटर कालेज बेला मुंडी मे सम्पन्न हुआ। दूसरे दिन का शुभारंभ जिलाध्यक्ष यमुनापार विभव नाथ भारती ने पं.दीन दयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण करते हुए किया। छठवें सत्र के वक्ता पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य अशोक चौधरी ने पिछले छः वर्षों में हुए अंत्योदयी प्रयत्न पर सम्बोधित किया। सातवें सत्र को जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी ने भारत के सुरक्षा सामर्थ्य के साथ आत्म निर्भर भारत पर प्रकाश डाला, आठवें वक्ता के रूप में भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पूर्व विधायक प्रभा शंकर पांडेय ने भाजपा की कार्य पद्धति एवं संगठन संरचना में हमारी भूमिका पर कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि 'लिए गए निर्णय और दिए गए दायित्व की हमे समीक्षा करना चाहिए' और संगठन के सूचना पर सोचना बंद कर मूर्तरूप देने के उद्देश्य मे लग जाना चाहिए। और कार्यकताओं को एक उदाहरण देते हुए कार्यकताओं को बताया ₹हमे पहुचना उस मंजिल तक जिसके आगे राह नहीं₹ इसी लक्ष्य के साथ आगे चलना चाहिए। नौ वें वक्ता के रूप में जिला मंत्री प्रकाश शुक्ल प्रचंड ने प्रदेश में भाजपा सरकार की उपलब्धियां या प्रदेश में राजनीतिक परिदृश्य पर प्रकाश डाला। दशमें और अंतिम विषय के वक्ता जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने शोशल मीडिया के उपयोग पर कार्यशाला में मौजूद कार्यकताओं को संबोधित करते हुए संगठन और सरकार के विषय को शोशल मीडिया में कैसे रखें और क्या-क्या सावधानियां बरतें इस पर अंतिम सत्र को सम्बोधित किया। उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री सिध्दार्थ नाथ सिंह के मीडिया प्रभारी दिनेश तिवारी ने ग्राम्य उधोग और सरकार के योजनाओं के बारे मे प्रकाश डालते हुए सहयोग की बात कही। महिला मोर्चा क्षेत्रीय मंत्री अर्चना शुक्ला ने वर्ग गीत के माध्यम से कार्यकर्ताओ को सम्बोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बन्दना सिंह ने किया। कार्यक्रम समापन पर जिलाध्यक्ष विभवन नाथ भारती ने सभी वक्ताओं व कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए आभार व्यक्त करते हुए पूरे दिन कार्यशाला में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर मंडल प्रभारी विजय लक्ष्मी सिंह, अनुज सिंह परिहार,शंकरलाल पांडेय,कप्तान सिंह,विजय बहादुर सिंह,होरी लाल केसरवानी,इन्द्रेश सिंह, राजीव शर्मा, घनश्याम पांडेय,मूल चन्द्र आदिवासी, पियूस,नीरज शुक्ला सतीश शुक्ला, रामु,आदि मंडल,जिला के पदाधिकारी के साथ सेक्टर संयोजक कार्यशाला मे मौजूद रहे। उक्त जानकारी मनकामेश्वर मण्डल मीडिया प्रभारी दीपक पाण्डेय ने दी।

## धनुष टूटते ही जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा पंडाल



रामलीला का मंचन करते कलाकार व जुटी भीड़

**जसरा।** आदर्श रामलीला कमेटी चामू बड़ी कोट प्रयागराज की तत्वावधान में रविवार को धनुष यज्ञ का मंचन सफलतापूर्वक किया गया। विदेह राज जनक अपनी पुत्री सीता के स्वयंवर में यह घोषणा किया कि जो भी राजा स्वयंवर में रखा भगवान शिव के धनुष को तोड़ेगा उसी के साथ सीता जी का विवाह किया जाएगा।

भगवान शिव के धनुष को तोड़ने के लिए देश-विदेश की अनेकों राजाओं ने स्वयंवर में भाग लिया और शिव के धनुष को तोड़ने का प्रयास किया। लेकिन किसी भी राजा के द्वारा शिव धनुष को तोड़ना क्या कोई उसे हिला तक नहीं सका। रावण, बाणासुर जैसे महा प्रतापी राजा भी हार मान कर चले गए। जनक जी को इस बात का बड़ा कष्ट हुआ और उन्होंने कहा कि देश देश के राजा गण हम किसे कहें बलशाली है हमको तो यह विश्वास हुआ पृथ्वी वीरों से खाली है। इसको सुनते ही विश्वामित्र जी के साथ जनकपुर पधारे लक्ष्मण जी ने कहा कि इस धनुष की क्या मजाल है मैं अभी पूरा ब्राह्मण उठा डालो और कच्चे घड़े की तरह पटक कर फोड़ दूं विश्वामित्र के आदेश मिलते ही दशरथ पुत्र श्री राम ने देखते ही देखते धनुष को तोड़ दिया और जनक दुलारी सीता जी ने उनके गले में जय माल डाल दिया। धनुष टूटते ही जय श्री राम के नारों से पांडाल गुंजायमान हो उठा इस अवसर पर ज्वाला प्रसाद चौबे, राजेंद्र त्रिपाठी, देवदत्त चतुवेर्दी, सुरेश तिवारी, रावेंद्र तिवारी, मोनू, ननकू दुबे, नारायण द्विवेदी, आदि लोग उपस्थित रहे।

## मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन हम सबके लिए अनुकरणीय : मौजीलाल रावत

**फूलपुर।** आज के बदलते परिवेश में युवाओं का रूझान धार्मिक कार्यों में कम न हो इसलिए हमे समय- समय पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन करते रहना चाहिए। इससे बच्चों के संस्कार को जहां गति मिलती है वहीं राम का जीवन भी उनके लिए अनुकरणीय बनता है। उक्त बातें फूलपुर के दुल्मापुर में चिल्ड्रेन राम लीला मंचन का उद्घाटन करते हुए इलाहाबाद पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार मौजीलाल रावत ने कही। उन्होंने कहा कि रामलीला मंचन से जहां मयार्दा पुरषोत्तम भगवान राम के आचरण को समाज के लोगो को सीख मिलती है वहीं ग्रामीण क्षेत्र के रंगमंच के कलाकारों को अपनी प्रतिभा विकसित करने का मौका मिलता है। राम लीला कमेटी के अध्यक्ष मुन्नी लाल एवं ग्राम प्रधान ज्ञान चन्द्र ने सभी का आभार प्रकट कर दर्शकों से कोविड नियमों का पालन करने की बात कही।



रामलीला मंचन का उद्घाटन करते हुए पत्रकार संघ के अध्यक्ष मौजीलाल रावत

## चोरी के तीन मोबाइल संग चोर गिरफ्तार

**नैनी ।** कोतवाली क्षेत्र के टीएसएल कंपनी गेट के समीप सोमवार को पुलिस ने जरिए मुखबिर की सटीक सूचना पर एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के तीन मोबाइल बरामद करते हुए उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर चालान कर दिए। जानकारी के मुताबिक एसआई संतोष कुमार सिंह व मंगल सिंह को जरिए मुखबिर से सोमवार शाम 4:00 बजे सूचना मिली कि एक शातिर चोर टीएसएल कंपनी गेट के समीप चोरी के मोबाइल को बेचने की फिराक में मौजूद है। सटीक सूचना मिलने पर पुलिस उक्त स्थान पर पहुंची और घेराबंदी करते हुए उसे गिरफ्तार कर नैनी कोतवाली उठा लाए। पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी करछना थाना क्षेत्र के देवरी गांव निवासी विकास मिश्रा उर्फ टोनी पुत्र राजेंद्र प्रसाद है और उसके कब्जे से चोरी के तीन मोबाइल बरामद होने पर उसका चालान कर दिया गया।



जाम के झाम में फंसे लोग

### नैनी में जाम के झाम से लोग रहे परेशान

**नैनी।** मलहरा फाटक पर बने ओवरब्रिज के दोनों छोर पर सोमवार को भीषण जाम लगने से राहगीरों को काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ा। घंटो लगे जाम से निजात पाने के लिए लोगों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। वाहन चालकों की मानें तो सकरी जगह होने की वजह से वाहनों को मोड़ने पर असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। वहीं लोगों ने सड़क को और चौड़ीकरण करवाने की मांग की है। सोमवार को एफसीआई रोड की ओर से चकदोन्दी से अरैल मोड़ तक भीषण जाम लगा रहा। सड़क सकरी होने के कारण सड़क पर बने एक कुंआ में ट्रक जा फंसी। सड़क निर्माण के दौरान कर्मचारियों द्वारा मलवे से उसे ढांक दिया गया था। जो आये दिन बड़े वाहनों के भार से धंस कर फंस जाती है। खबरों के प्रकाशित होने पर गड्ढों में मलवा डलवाकर बराबर कर दिया जाता है।

## आईटीआई व बीपीसीएल कंपनी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का हुआ समापन

**नैनी।** औघोगिक क्षेत्र स्थित आईटीआई लिमिटेड कम्पनी में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 145 वीं जयंती के अवसर पर केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा घोषित सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन समारोह संपन्न किया गया। ईकाई प्रमुख मनोज सक्सेना की नेतृत्व में सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संस्थान के समस्त वरिष्ठ अधिकारियों , कर्मचारियों तथा मजदूर संघ एवं अधिकारी एसोसिएशन अध्यक्ष पी के सिंह मंत्री राकेश निषाद को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई और प्रतिभागियों को पुरस्कृत करके किया गया। संस्थान की उप महाप्रबंधक सतर्कता, सुनीता अतुलकर ने बताया कि सी वी सी की गाइडलाइंस के तहत इस सप्ताहिक कार्यक्रम में ₹सतर्क भारत समृद्ध भारत₹ विषय वस्तु पर संस्थान में कई स्पधाएं की गई , जिसमें संस्थान के एच आर विभाग का विशेष योगदान रहा। संस्थान के सहायक प्रबंधक धीरेन्द्र चौधरी एवं सतर्कता अधिकारी विनोद कुमार श्रीवास्तव द्वारा कार्यक्रम को आयोजित किया गया था। इसी प्रकार भारत पंप्स एंड कंप्रेशर लिमिटेड (बीपीसीएल) में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 27 अक्तूबर से दो नवंबर तक सफलता पूर्वक मनाया गया। समापन समारोह के अवसर पर वरिष्ठ प्रबंधक सतर्कता विभाग की ओर से विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विजई प्रतिभागियों के नामों की घोषणा की गई।

# प्रयागराज हलचल

प्रयागराज मंगलवार, 3 नवम्बर, 2020

## संक्षेप समाचार

### का. अमित कुशवाहा शाखा अध्यक्ष एवं का. संदीप सिंह शाखा मंत्री चुने गए

**प्रयागराज** । नार्थ सेन्ट्रल रेलवे वर्कर्स यूनियन के मैकेनिकल शाखा का त्रैवार्षिक चुनाव वर्कर्स यूनियन के केन्द्रीय संयुक्त महामन्त्री का. दिनेश बहादुर सिंह एवं सहायक महामन्त्री का. सैय्यद इरफात अली मौजूदगी में सम्पन्न हुए चुनाव में सर्व सम्मति कामरेड अमित कुमार कुशवाहा को शाखा अध्यक्ष एवं कामरेड सन्दीप कुमार सिंह को शाखा मंत्री चुना गया । वर्कर्स यूनियन के मैकेनिकल शाखा के लिए शाखा अध्यक्ष व शाखा मंत्री के अलावा का. सुभाष कुमार को कार्यकारी शाखा अध्यक्ष, का. विमल कनौजिया, का. महेन्द्र कुमार, का. प्रदीप कुमार सिंह, का. अरुण कुमार गौड़ को शाखा उपाध्यक्ष, का. इफ्तेखार अहमद को संयुक्त शाखा मंत्री, का. विजय कुमार पटेल, का. दिनेश कुमार तिवारी, का. विकाश कुमार शाही, का. प्रकाश चन्द्र पाल, को सहायक शाखा मन्त्री, का. सुनील कुमार गुप्ता, को शाखा संगठन मंत्री, का. आर.ए. रिजवी को शाखा कोषाध्यक्ष, का. राकेश शर्मा मीडिया प्रभारी का. ओमेन्द्र प्रताप सिंह को युवा संयोजक, का. सुनील कुमार, का. विजय यादव युवा सह-संयोजक का. दुखन्ति प्रसाद, का. जितेन्द्र कुमार, का. कुन्दन लाल, सी.सी.मेम्बर, और का. सुनील कुमार सिंह, का. राम चन्द्र प्रजापति, का. सैय्यद शोएब अशरफ, का. सन्दीप कुमार सिंह, का. राज कुमार, का. राशिद को ए.जी. मेम्बर चुना गया।

## बालिग लड़का, लड़की अपनी पसंद के किसी भी व्यक्ति के साथ रह सकते हैं : हाईकोर्ट



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि विशेष विवाह अधिनियम के तहत दो अलग-अलग धर्मों को मानने वाले लोग बिना धर्म परिवर्तन के भी शादी कर सकते हैं। यह कानून सभी धर्मों पर लागू है। कोर्ट ने कहा कि बालिग लड़का, लड़की अपनी पसंद के किसी भी व्यक्ति के साथ रह सकते हैं। उनके जीवन में हस्तक्षेप करने का किसी को अधिकार नहीं है।

हालांकि संविधान प्रत्येक व्यक्ति को अपनी पसंद का धर्म अपनाने का अधिकार देता है। इसके बावजूद लोग शादी करने के लिए धर्म परिवर्तन कर रहे हैं, जो सही नहीं है। कोर्ट ने विपरीत धर्मों के याचियों को अपनी मर्जी से कहीं भी किसी के साथ रहने के लिए स्वतंत्र कर दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति जे जे मुनीर ने सहारनपुर की पूजा उर्फ जोया व शावेज की याचिका पर दिया है। पूजा ने घर से भाग कर शावेज से शादी कर ली। जब परिवार को पता चला तो उसे पकड़ लाए और घर में नजरबंद कर दिया। जिसपर हाइकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दाखिल की गई।

कोर्ट ने 18 साल की लड़की याची को पेश करने का निर्देश दिया। पिता ने उसे पेश नहीं किया तो कोर्ट ने एसपी सहारनपुर को लड़की को पेश करने का निर्देश दिया। कोरोना जांच के बाद पेश हुई लड़की ने कहा वह अपने पति के साथ रहना चाहती है। कोर्ट ने उसे अपनी मर्जी से जाने के लिए स्वतंत्र कर दिया है।




### महोबा के निलंबित एसपी मणिलाल पाटीदार को नहीं मिली राहत, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने महोबा के निलंबित एसपी मणिलाल पाटीदार की उस याचिका को सोमवार को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने अपने विरुद्ध दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग की थी। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति गोविंद माथुर और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा की खंडपीठ ने मणिलाल पाटीदार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल चतुर्वेदी एवं इमरान उल्लाह और राज्य सरकार के अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल व अपर शासकीय अधिवक्ता आशुतोष कुमार को सुनकर दिया है। कोर्ट ने निलंबित एसपी को मामले की विवेचना में सहयोग करने को कहा है।

### अतीक की लग्जरी गाड़ियों की तलाश, करीबी आमिर भुट्टो पर कसा शिकंजा

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद के साथ उसके करीबियों के खिलाफ भी अब गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई शुरू हो गई है। कैंट पुलिस ने अतीक के करीबी भुट्टो की लग्जरी कार को गैंगस्टर एक्ट के तहत सीज करने के लिए डीएम को रिपोर्ट भेजी है। इसके अलावा गैंगस्टर के अन्य आरोपियों की संपत्तियों के बारे में भी पुलिस पता लगा रही है। गौरतलब है कि पुलिस ने कुछ समय पहले ही गैंगस्टर आमिर भुट्टो को बलवा व रंगदारी के मुकदमे में गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की थी। उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज है। कैंट इंस्पेक्टर नीरज वालिया ने बताया कि पुलिस को जांच में पता चला कि उसके पास एक महंगी कार है, जो उसने अवैध कमाई करके खरीदी है। उसकी गाड़ी सीज करने के लिए डीएम से इजाजत मांगी गई है। रिपोर्ट मिलते ही गैंगस्टर एक्ट के तहत उसकी गाड़ी सीज की जाएगी। पुलिस की मानें तो माफिया अतीक अहमद की गाड़ियों के बारे में पता लगाया जा रहा है। पुलिस अतीक के रिश्तेदारों और करीबियों के बारे में भी जांच कर रही है कि कहीं किसी ने गाड़ी तो नहीं छुपाई है। जानकारी मिलते ही पुलिस कार्रवाई करेगी।

## बाइक सवार बदमाशों ने 1.32 लाख रुपये लूट लिए



**प्रयागराज।** शहर में बदमाश बेखौफ हो चुके हैं। अब दिनदहाड़े वारदात को अंजाम देने से भी वह नहीं डर रहे हैं। अब सोमवार दोपहर एक लाख 32 हजार रुपये बाइक सवार लूटकर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लुटेरों की तलाश में कांबिंग की। हालांकि अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। अतरसुइया थाना क्षेत्र के रानीमंडी इलाके में इस घटना से खलबली मची हुई है। पुलिस के मुताबिक चौक में लक्ष्मी होजरी के नाम से आभूषण की दुकान है। वहां पर बाघम्बरी रोड अल्लापुर निवासी वनमाली पांडेय काम करता है। दुकान का मालिक अजय मेहरोत्रा मीरापुर में रहते हैं। सोमवार दोपहर वनमाली दुकान से एक लाख 32 हजार रुपये लिया और फिर एक बैग में भरकर साइकिल में टांग लिया। वह अपने मालिक के घर पैसा पहुंचाने साइकिल से जा रहा था। रानीमंडी इलाके में पहुंचा तभी पीछे से एक बाइक पर सवार दो बदमाश आए और रुपये भरा बैग लूटकर फरार हो गए। सूचना मिलते ही अतरसुइया इंस्पेक्टर, चौकी इंचार्ज समेत अन्य पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे। कर्मचारी से पूछताछ में पता चला कि बदमाश स्पोर्ट्स बाइक से थे। दोनों मास्क लगाए हुए थे, लेकिन हेलमेट नहीं था। एक ने काली शर्ट पहनी थी और लाल टोपी लगाया था। फिलहाल पुलिस का कहना है कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। लुटेरों की तलाश में क्राइम ब्रांच को भी लगा दिया गया है और जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## रोजी रोटी के लिए दर-दर भटके पंजीकृत पटरी दुकानदार

**प्रयागराज।** जार्जटाऊन,लाऊदर रोड, एम जी मार्ग, एएन झा मार्ग मेडिकल कालेज के सामने पंजिकृत पटरी फुटपाथ विक्रेताओं का उत्पीड़न जार्जटाऊन व कर्नलगंज पुलिस द्वारा किया जा रहा फुटपाथ पर दुकान लगा रहे फल विक्रेताओं को पुलिस द्वारा पीटे जाने के विरोध में दर्जनों फल विक्रेता नेशनल हाकर फेडरेशन के प्रदेश महासचिव रवि शंकर द्विवेदी पार्षद आकाश सोनकर के नेत्रत्तव में मा० सांसद केसरी देवी पटेल,मा० महापौर से मिले पुलिस द्वारा प्रताड़ित किए जाने का मांग पत्र सौपा ।सांसद महापौर ने सी ओ कर्नलगंज से वार्ता की स्ट्रीट वेन्डर एक्ट 2014 का अनुपालन कराते हुये जब तक वेंडिंग जोन बन नहीं जाते तब तक दुकानदारों को उनके मूल स्थान पर कार्य करने दिया जाए पटरी दुकानदारों का आरोप है विगत 1 सप्ताह से पुलिस लगातार लाठी डंडा मारना



महापौर अभिलाषा गुप्ता को मांग पत्र सौंपते पटरी दुकानदार

तराजू फेंककर प्रताड़ित किया जा रहा प्रदेश महासचिव रवि शंकर द्विवेदी ने बताया कि स्ट्रीट वेंडर एक्ट 2014 के अंतर्गत जो कानून पटरी दुकानदारों की रक्षा और सुरक्षा के लिए बना उसका उल्लंघन कर पटरी दुकानदारों के साथ अमानवीय व्यवहार कर उन्हें रोजगार नहीं करने दिया जा रहा ।जब कि माननीय प्रधानमंत्री द्वारा वैश्विक महामारी लाक डाऊन में आर्थिक हालत खराब होने पर 10000 लोन दिए जाने के बाद भी पटरी दुकानदारों में कार्य करने के लिए कच्चा माल भी ले लिया मगर पुलिस के उत्पीड़न कार्रवाई में रोजगार छिनने की नौबत आ गई दो जून की रोटी भी मोहलत नहीं त्यौहार क्या तीज क्या माननीय उच्च न्यायालय ने भी पटरी दुकानदारो को उचित स्थान पर जगह अलॉटमेंट के आदेश दिए बावजूद इसके अतिक्रमण के नाम पर कोविड के नाम पर लगातार पटरी दुकानदारों का उत्पीड़न जारी है। पटरी दुकानदारो का उत्पीड़न अगर बन्द नहीं हुआ तो युनियन आन्दोलन करेगी। आज मा० सांसद आवास पर प्रदेश महामंत्री रवि शंकर द्विवेदी पार्षद आकाश सोनकर विमल गुप्ता पंकज सोनकर रामचन्द सोनकर प्रकाश रावत मुन्ना रावत सुजीत रवि सोनकर ज्दजीत सहित सैकड़ों दुकानदारों ने मांग पत्र सौंपा।

### विधायक विजय मिश्र के शापिंग कांप्लेक्स प्रकरण में सुनवाई बुधवार को

**प्रयागरा।** ज्ञानपुर से निर्दल विधायक विजय मिश्र केअल्लापुर स्थित शापिंग कांप्लेक्स प्रकरण में उनके अधिवक्ता ने सोमवार को प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) के जोनल अफसर (जेडओ) को प्रत्यावेदन सौंपा। इसे स्वीकार कर लिया गया। बुधवार को सुनवाई होगी। हालांकि फैसला देने के लिए जेडओ के पास छह नवंबर तक का समय है। अल्लापुर पुलिस चौकी के सामने करीब पांच सौ वर्गगज क्षेत्रफल में विजय मिश्र का पांच मंजिला शापिंग कांप्लेक्स है। प्राधिकरण ने नक्शा न पास होने के कारण वर्ष 2007 में इसके ध्वस्तीकरण का आदेश पारित किया था। हाल में फिर उसे गिराने के लिए नोटिस जारी किया गया तो विधायक की सास इंद्रकली पत्नी स्व. श्यामाचरण दुबे निवासी गांव तयसरिया, मेजा ने उच्च न्यायालय की शरण ली थी। उच्च न्यायालय ने निर्णय के लिए कमिश्नर को निर्देशित किया। कमिश्नर कोर्ट ने 28 अक्टूबर को अपीलकर्ता और पीडीए का पक्ष सुनने के बाद पीडीए के जोनल अधिकारी को सुनवाई का निर्देश दिया।

## कोर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन




समारोह में उपस्थित अधिकारीगण

**प्रयागराज।** केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज, द्वारा दिनांक 27 अक्टूबर से 2 नवंबर 2020 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का प्रारम्भ महाप्रबंधक/कोर यशपाल सिंह द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियो को सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा दिला कर किया गया । सप्ताह के दौरान सतर्कता के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश से वाक प्रतियोगिताए निबंध प्रतियोगिता तथा क्विज का आयोजन किया गया।

इस उपलल्क्ष में दिनांक 02.11.2020 को एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें महाप्रबंधक महोदय द्वारा ई.सतर्कता बुलेटिन 'दृष्टि' का विमोचन किया गया तथा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया ।

समारोह का समापन आधिकारिक कामकाज में पारदर्शिता तथा संगठन द्वारा भ्रष्टाचार मुक्त कार्य करना सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता के साथ किया गया ।

## शास्त्री पुल के मरम्मत में लगेंगे 3 हफ्ते एक्सपर्ट टीम घंटों देखती रही शास्त्री पुल

**प्रयागराज।** शास्त्री पुल पर शुक्रवार को ट्रक हादसे के कारण क्षतिग्रस्त हुए पुल की मरम्मत के लिए कम से कम 3 हफ्ते के लिए यातायात को एक तरफ पूरी तरह से बंद करना पड़ेगा। यह आकलन इंजीनियरिंग विशेषज्ञों की टीम ने किया है। कानपुर से आई दो सदस्यों की टीम शास्त्री पुल पर क्षतिग्रस्त हिस्से का निरीक्षण करने पहुंची ।

शास्त्री पुल पर शुक्रवार की रात एक ट्रक रेलिंग तोड़ते हुए नीचे जा गिरा ।इसमें पुल की पटरी, तीन रेलिंग सहित नीचे सपोर्ट देने के लिए लगाया गया पिलर टूटकर लटक गया। हादसे में ट्रक चालक समेत उसमें सवार लोग जख्मी हो गए थे। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने पुल के क्षतिग्रस्त



हिस्से के तीन ओर से पूरी तरह बैरिकेडिंग कर आवागमन को फिलहाल बहाल कर दिया है। पुल पर सुरक्षा के लिए पीएसी लगाई गई है, जिससे कि क्षतिग्रस्त वाले हिस्से को देखने के लिए भीड़ न जुट सके।

### नज्म-ए-हयात के स्थापना दिवस पर साहित्यकार सम्मानित

**प्रयागराज।** साहित्यिक सांस्कृतिक संस्था नज्म-ए-हयात का पहला स्थापना दिवस आगाज 2020 काव्य पाठ के बीच मनाया गया। इस दौरान चार पुस्तकों का विमोचन किया गया। साहित्यकारों और रचनाकारों ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम सिविल लाइंस स्थित एक रेस्टोरेंट में हुआ। मुख्य अतिथि आईपीएस शैलेश यादव रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि युवाओं का ऐसा प्रयास समाज को जोड़ता है और नई दिशा का निर्धारण करता है। यह कार्यक्रम वास्तव में कोरोना वायरस के अंधेरे से बाहर निकलने का और सृजनात्मकता का दीपक जलाने का प्रयास है। मुख्य वक्ता अतुल यदुवंशी ने कहा कि इस समारोह के जरिए संस्कृत चेतना एवं समरसता का प्रचार होगा। विशिष्ट अतिथि डॉ कृष्ण सिंह ने विचार रखे। यश मालवीय और श्लेश गौतम ने काव्यपाठ किया।

## उमरे द्वारा प्रस्तावित निविदा समिति की संरचना पूरे भारतीय रेल में कार्यान्वित

**उत्तर मध्य रेलवे ने माह अक्टूबर 2020 में हासिल की कई उपलब्धियां**

**प्रयागराज।** रेलवे की बड़ी परियोजनाओं को आम तौर पर कम्पोजिट कांट्रैक्ट के माध्यम से निष्पादित किया जाता है, जिसमें कार्यों में तेजी, गुणवत्ता और लागत में कमी लाने के लिए एक एजेंसी के माध्यम से कई कार्यों का निष्पादन किया जाता है। ऐसी निविदाओं में तकनीकी इनपुट और मूल्यांकन के लिए विभिन्न तकनीकी शाखाओं में विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है, और मौजूदा 03 सदस्यीय निविदा समिति में सभी तकनीकी क्षेत्र के विशेषज्ञों को शामिल करना हमेशा संभव नहीं था। इस स्थिति से निपटने के लिये , उत्तर मध्य रेलवे, निर्माण संगठन द्वारा कम्पोजिट निविदा हेतु मौजूदा 03 सदस्यीय निविदा समिति के स्थान पर 04 सदस्यीय निविदा समिति, जिसमें तीन तकनीकी क्षेत्र के विशेषज्ञों को सम्मिलित किया गया है को रेलवे बोर्ड को प्रस्तावित किया था, जिसे अब पूरे भारतीय रेलवे में लागू करने के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा स्वीकार कर लिया गया है। निविदा समिति संरचना में यह महत्वपूर्ण परिवर्तन रेलवे बोर्ड स्तर पर महाप्रबंधक श्री राजीव चौधरी द्वारा उठाया गया था और अब इसे पूरे भारतीय रेलवे में लागू किया गया है और उफ्क्र द्वारा रेलवे के क्क्ष्ढर सॉफ्टवेयर में परिवर्तन कर दिया गया है जिससे 04 सदस्यीय निविदा समिति में तकनीकी क्षेत्र से तीन सदस्य और वित्त से एक सदस्य को शामिल किया जा सकता है। इस परिवर्तन से भारतीय रेल पर महत्वपूर्ण परियोजनाओं की गुणवत्ता और कार्यनिष्पादन की गति में सुधार होगा साथ ही तेजी से निर्णय लेने की प्रक्रिया और बेहतर तकनीकी इनपुट से कार्य की लागत में भी कमी आयेगी। इस संशोधित प्रावधान का उपयोग करते हुए, उत्तर मध्य रेलवे द्वारा भारतीय रेलवे की पहली 04 सदस्यीय निविदा समिति को खैरार-यमुना साउथ बैंक खण्ड के महत्वपूर्ण निविदा के लिए नामित किया गया है।

एक महीने में अब तक की सबसे अधिक लोडिंग दर्ज करने के अतिरिक्त, उत्तर मध्य रेलवे ने अक्टूबर 2020 में संरक्षित और कुशल ट्रेन संचालन में क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों को हासिल किया है। उत्तर मध्य रेलवे में संरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण उपलब्धि में, अक्टूबर-2020 में चालक दल प्रबंधन प्रणाली (CMS) द्वारा नियमानुसार 99% चालक दल की बुकिंग की गयी है। उटर सॉफ्टवेयर के माध्यम से चालक दलों की नियम के अनुसार बुकिंग में उत्तर मध्य रेलवे सभी क्षेत्रीय रेलवे में शीर्ष पर है। यह चालक दल की ड्यूटी और विश्राम अवधि के बेहतर अनुपालन को सुनिश्चित करेगा ताकि ट्रेन परिचालन में संरक्षा और बेहतरी की जा सके। निर्यात हेतु माल लदान के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करते हुये, अक्टूबर 2020 में उत्तर मध्य रेलवे में 07 खाद्यान्न रेक और 04 DOC (डी ऑयल केक) रेक बांग्लादेश के लिए लोड किए गए। नई ट्रैफिक स्ट्रीम पर कार्य करते हुए, प्रयागराज मण्डल के दादरी से 02 ऑटोमोबाइल रेक लोड किए गए और आगरा मण्डल ने पिछले वर्ष की तुलना में वर्तमान वर्ष में लोडिंग स्तर में सुधार दर्ज किया गया है। उत्तर मध्य रेलवे पर यह समग्र सुधार महाप्रबंधक राजीव चौधरी के नेतृत्व में 60000 रेलकर्मियों के सामूहिक और सुसंगत प्रयासों के माध्यम से प्राप्त किया जा सका है।

## महिला शक्तिकरण एवं स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र विकास खंड मेजा के प्राथमिक विद्यालय लोटाढ़ में महिला सशक्तिकरण को लेकर एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है, मिशन शक्ति। उसी क्रम में सोमवार को विकास खंड में के प्राथमिक विद्यालय लोटाढ़ में महिला सशक्तिकरण एवं स्वेटर वितरण करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची मेजा विधायक नीलम करवरिया ने




कार्यक्रम को संबोधित करती मुख्य अतिथि

महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपने सम्मान और सुरक्षा को लेकर सभी महिलाओं को आगे आना चाहिए तथा किसी भी समस्या के लिए सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबरों पर निःसंकोच शिकायत दर्ज कराना चाहिए। उन्होंने महिला अपराध व बाल अपराध को रोकने के लिए कहा कि हमारी भारतीय जनता पार्टी की सरकार दृढ़ संकल्पित है। मौके पर मौजूद पूर्व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अर्जुन सिंह ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण से संबंधित कई योजनाएं पहले से ही संचालित है, जैसे कस्तूरबा आवासीय योजना, सुमंगला योजना, किशोरी शक्ति योजना आदि कई योजनाएं। मिशन शक्ति योजना का परिषदीय विद्यालयों में जन जागरूकता के द्वारा प्रचार प्रसार किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष मनीष तिवारी ने आए हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम देकर धन्यवाद ज्ञापित किया। खंड शिक्षा अधिकारी संजय सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। उक्त अवसर पर स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी लव सिंह, ग्राम प्रधान मुलायम सिंह, प्रधानाध्यापक रेनू लता जायसवाल, अर्चना कुमारी, ह्यूमा यासमीन तिवारी, जितेंद्र सिंह, सुनील तिवारी, संदीप तिवारी, अमित शुक्ला, प्रवीण दुबे, रूपनारायण मिश्र, अनुराग पांडे, गोपाल कृष्ण, कृष्ण गोविंद, अनिल सिंह, संजय वर्मा, संगीता शुक्ला, ज्योति, रंजना, सरिता, दीपक, नीतू, राजा दोगारी, प्रधान संघ अध्यक्ष टुनटुन तिवारी, पुष्कर तिवारी, राहुल दुबे, राम मिश्रा, पप्पू दुबे, वंदना, विधायक के निजी सचिव जितेंद्र शुक्ला, राजू तिवारी व सुंदर पांडे सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

## दरोगा ने घर में घुसकर किया महिला से बदसलूकी, पीड़ित महिला ने डीएम आवास पर धरना देकर लगाई न्याय की गुहार

**प्रयागराज।** मेजा थाना क्षेत्र के कठौली गांव की रहने वाली रेखा प्रजापति ने मेजा थाने में तैनात एक दरोगा के खिलाफ आरोप लगाया है की 18 अक्टूबर की रात मेजा थाने का दरोगा अपने सिपाहियों के साथ घर में घुस गया तथा उसके साथ बदसलूकी की। महिला ने इसकी शिकायत मेजा थाने में की जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो सोमवार को महिला अपने नाबालिक दोनों बच्चियों के साथ साथ गांव की कई महिलाएं डीएम कार्यालय पर पहुंच डीएम से न्याय की गुहार लगाने लगी ' हाथों में तख्तियां लिए हुए जिस पर लिखा था डीएम साहब इंसाफ करो डीएम साहब न्याय करो इत्यादि काफी संख्या में महिलाएं डीएम आवास पर बैठी रही। इंसाफ के लिए रेखा प्रजापति ने डीएम सहित इसकी लिखित शिकायत राष्ट्रीय मानव




डीएम आवास पर न्याय की मांग करती महिलाएं

अधिकार आयोग दिल्ली महिला आयोग अध्यक्ष लखनऊ जिला अधिकारी प्रयागराज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज उप जिला अधिकारी मेजा प्रयागराज इलाहाबाद प्रयागराज से की है। रेखा प्रजापति का कहना है कि पति चंद्रमा प्रसाद था मेरे साथ तो दरोगा बदसलूकी किया ही साथ ही मेरे बच्चे को जमकर पिटाई भी की तथा भद्दी भद्दी गालियां देता रहा। सोमवार को शाम को 5:00 बजे रेखा प्रजापति नेडीएम के प्रतिनिधि के रूप में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। रेखा प्रजापति को डीएम कार्यालय से न्याय का आश्वासन मिला तब जाकर उन्होंने धरना समाप्त की। वही रेखा प्रजापति का कहना है कि अगर न्याय नहीं मिला तो मैं डीएम आवास पर पुनः धरना दूंगी।

## संक्षेप समाचार

### त्रिदिवसीय विधिक जागरूकता सेमिनार का आयोजन

**चरवा कौशाम्बी।** मेडई कल्याणी ट्रस्ट नरवर पट्टी मूरतगंज द्वारा त्रिदिवसीय विधिक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया है इस मौके पर उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश और तमाम गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे हैं जिनका कार्यक्रम के पूर्व जोरदार तरीके से स्वागत अभिनंदन किया गया है सेमिनार में वक्ताओं ने अपने अपने विचार रक्खे हैं। मेडई कल्याणी ट्रस्ट नरवर पट्टी मूरतगंज द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय विधिक जागरूकता सेमिनार का प्रथम दिवस शनिवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय न्यायमूर्ति उच्च न्यायलय इलाहाबाद श्री राम सूरत राम में किया और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय न्यायमूर्ति उच्च न्यायलय श्री गौतम चौधरी जी रहे तीन दिवसीय विधिक जागरूकता शिविर सेमिनार में उपस्थित लोगों को श्री जगन्नाथ मौर्य राजकीय अधिवक्ता हाई कोर्ट एवं ,पूर्व निदेशक पंडित दीनदयाल उपाध्याय आचार्य राजेंद्र प्रसाद बड़े भैया जिला पंचायत सदस्य शिवमोहन मौर्य आदि लोगों ने संबोधित किया है सभी माननीयों का इस अवसर पर जोरदार तरीके से स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया।

# सड़क हादसे में साइकिल सवार वृद्ध की मौत

## कोखराज थाना क्षेत्र के कल्याणपुर के पास हुआ हादसा

**टेढ़ी मोड़ कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र कल्यानपुर के पास सड़क हादसे में साइकिल सवार वृद्ध की मौत हो गई है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने वृद्ध की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है दुर्घटना के बाद वाहन चालक वाहन लेकर फरार बताया जाता है। घटनाक्रम के मुताबिक इसी थाना क्षेत्र के गुलामी पुर निवासी रामप्रसाद उम्र 65 वर्ष पुत्र रामस्वरूप प्रजापति वृद्ध साइकिल से कल्याणपुर बाजार आया था और वह बाजार करने के बाद वापस घर जा रहा था जैसे ही वह रिलायंस पेट्रोल पंप के पास ठल्2 मार्ग पर पहुंचा साइकिल सवार वृद्ध को तेज गति किसी वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया है जिससे वृद्ध सड़क पर गिरकर तड़पने लगा है दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया है सड़क पर तड़प रहे वृद्ध को देखकर आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे और हादसे की जानकारी कोखराज पुलिस को दी है सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची लेकिन तब तक देर हो चुकी थी हादसे में घायल वृद्ध की मौत घटनास्थल पर हो गई है सूचना पर पहुंची पुलिस ने बृद्ध के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


घटनास्थल पर जुटी भीड़।

## स्वच्छ भारत मिशन : ग्रामीण की बैठक संपन्न

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में स्वच्छ भारत मिशन ;ग्रामीण की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में वित्तीय वर्ष 2020-21 स्वच्छ भारत मिशन योजना ;ग्रामीण एव एनओएलबी शौचालय निर्माण आईसीसी प्रचार.प्रसार मद से प्राप्त धनराशि के व्यय प्रशासनिक मद में किये गये। कार्य सामुदायिक शौचालयों के निर्माण कार्य अभियान में निर्मित शौचालयों की थर्ड पार्टी वेरीफिकेशन सहित अन्य प्रस्तावो पर विन्दुवार चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने सामुदायिक भवनों ऑगनबाड़ी केंद्रों एंव सामुदायिक शौचालयों के अधूरे हुए निर्माण कार्य को समय से पूर्ण कराये जाने का निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालयों का कार्य पूर्ण हो चुका है उसके साफ.सफाई का कार्य स्वयं सहायता समूहों की देखरेख में कराये जाने का निर्देश दिया है। विद्यालयों में कराये जा रहे निर्माण कार्यो को गुणवत्तापूर्ण ढंग से एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी जिला विकास अधिकारी विजय कुमार जिला पंचायत राज अधिकारी गोपाल जी ओझा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# ग्राम गौरव उत्सव के सेमिनार का डीएम ने किया समापन

## मेड़ई कल्याणी सेवा ट्रस्ट के द्वितीय स्थापना दिसव ग्राम गौरव उत्सव सेमिनार का समापन

**कौशाम्बी।** ग्राम मेड़ई कल्याणी सेवा ट्रस्ट के द्वितीय स्थापना दिवस के त्रिदिवसीय ग्राम गौरव उत्सव के सेमिनार के समापन अवसर पर जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह ने पहुंचकर लोगो को सम्बोधित किया। जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में उपस्थित लोगों को कृषि पशु पालन जैविक खेती जल संचयन एवं बेअी बचाओ बेटी पढ़ाओ सहित सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिलाधिकारी ने कहा कि जैविक खेती लोगो के स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए बहुत ही लाभदायिक है। उन्होने किसानों को रासायनिक खादो का उपयोग न करने तथा अधिक से अधिक खेत में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए कहा। उन्होने कहा कि जैविक खेती के उपज का मूल्य से रासायनिक खेती के उपज से काफी अधिक है।उन्होंने कहा कि पशुपालन प्रदेश में गरीब ग्रामीण जीवन की आजीविका के प्रमुख आधार हैं पशुधन के सर्वांगीण विकास हेतु पशुपालकों कृषकों के हित में संचालित लाभकारी योजनाओं में गति प्रदान करने के लिए नये.प्रयोगों के साथ प्रदेश में नई योजनाओं के माध्यम से कार्यक्रम लागू किये जा रहे हैं। उन्होने कहा कि किसानों की आय में वृद्धि हेतु पशुपालन बहुत ही सहायक है। उन्होंने कहा कि पशुपालन हेतु नवीन व समृद्धशाली योजनायें बनाई जा रही है जिससे दुग्ध उत्पादन के साथ.साथ पशुपालकों कृषकों की आय में वृद्धि हो सके। जिलाधिकारी ने जल संचयन के बारे में भी विस्तार से बताते हुए जल को संचित करने के साथ.साथ तालाबों के सौन्दर्यीकरण कराये जाने के लिए कहा है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत उन्होने नारी शिक्षा को बढ़ाने हेतु सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों को बढ़ाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने ट्रस्ट द्वारा संचालित विभिन्न स्वयं सहायता समूहों के उत्पाद जैसे.मास्क स्कूली ड्रेस करेला का अचार गौअर्क तथा वहां पर योजनाओं से समबंधित लगाये गये विभिन्न प्रकार के स्टालों का देखा एवं उनकी प्रशंसा भी की। उन्होंने वहां पर उपस्थित स्वयं सहायता समूहों को प्रशस्ति पत्र वितरित किया।


समापन के अवसर पर प्रमाण पत्र वितरित करते जिलाधिकारी

## अलग-अलग दिन दुकानदारों की करोना जांच की सैंपलिंग की जाएगी : चिकित्सक


कोरोना जांच करता चिकित्सक

**तिल्हापुर कौशांबी।** व्यापारियों के कोरोना की जांच के लिए अलग-अलग दिन का रोस्टर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बनाया गया है इसके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है जिले के नेवादा ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर ललित कुमार ने बताया 1 नवंबर से 12 नवंबर तक नेवादा ब्लॉक के सभी मार्गों में रोज दुकानदारों की सेंपलिंग कोरोना की इलेक्ट्रिक जांच की जाएगी उसके लिए डॉ ललित कुमार अपने टीम के साथ तिल्हापुर मोड़ बाजार में जांच करते हुए डॉक्टर ने बताया कि प्रत्येक दिन हमारी टीम नेवादा ब्लाक के मार्केट में दुकानदारों के पास जाकर जांच करेगी।

प्रत्येक दिन अलग-अलग दुकान को चयनित किया जाएगा जैसे कि आज इलेक्ट्रिक और इलेक्ट्रीशियन की जांच की जा रही है तो दूसरे दिन जैसे मिठाई की दुकान नाई की दुकान किराने की दुकान आदि की हमारी टीम उनके दुकान पर पहुंच कर उनकी सेंपलिंग लेकर जांच करेगी जांच के दौरान डॉ ललित अपने टीम प्रदीप कुमार वर्मा, राजेश कुमार, अरविंद कुमार वार्ड ब्याय रमेश कुमार के साथ मौजूद रहे।

## गंगा दिवस का आयोजन कल

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह ने कहा है कि 04 नवम्बर को गंगा दिवस का आयोजन किया जायेगा। गंगा दिवस का उद्देश्य गंगा नदी के संरक्षण के लिए जन जागरूकता बढ़ाने के साथ.साथ सामाजिक रूप से प्रासंगिक कारणों में लोगों की भागेदारी सुनिश्चित करना तथा गंगा नदी को स्वच्छ रखने के लिए जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। उन्होंने डीपीआरओ, डीबआईओएस, बीएसए एवं जिला प्रोवेशन अधिकारी को क्रमशः गंगा के किनारे के घाटों की सफाई स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेन्टिग ड्राइंग प्रतियोगिता क्विज संकल्प एवं वाद.विवाद प्रतियोगिता के आयोजन कराये जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर 04 नवम्बर को ओसा चौराहे से प्रातः 8:00 बजे गंगा हाफ मैराथन प्रतियोगिता प्रारम्भ होकर स्पोर्टस स्टेडियम टेंवा में संपन्न होगी जो भी प्रतिभाग करना चाहें समय से पहुंचकर प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकते है। डीएम ने क्रीडाधिकारी डीआईओएस एवं एसडीएम को पुरूष व महिला वर्ग की हॉफ मैराथन प्रतियोगिता को सकुशल ढंग से आयोजित कराने का निर्देश दिया है।

# गाजा बाजा बग्घी के साथ नगर में निकली कलश शोभा यात्रा

**आयोजको ने कहा कि अपनी संस्कृति के धरोहरों को स्मरण रखना चाहिए इस भौतिक वादी समय मे अध्यात्म की भी उतनी आवश्यकता है जितनी विज्ञान की हैआयोजको ने कहा कि अपनी संस्कृति के धरोहरों को स्मरण रखना चाहिए इस भौतिक वादी समय मे अध्यात्म की भी उतनी आवश्यकता है जितनी विज्ञान की है**




कलश यात्रा का सुंदर दृश्य व भागवत कथा का श्रवण करतीं महिलाएं

**अझुवा कौशाम्बी।** नगर पंचायत अझुवा वार्ड नं 12 नयानगर अझुवा के व्यापारी उमेश कुमार केसरवानी (दीपक मील वालों) ने भागवत कथा आरंभ करवाने के पहले सैकड़ों नर नारियों पुरुषों के समूह के साथ गाजे बाजे घोड़ा बग्घी के साथ सिर में सुंदर सुशोभित कलश रख कर कलश यात्रा निकाली गयी।कलश यात्रा का शुभारम्भ लाई मंडी से निकलकर कार्यक्रम स्थल श्री राम इंडस्ट्रीज वार्ड नं 8 अमिरतापुर रोड अझुवा पहुंची वहां भगवान की पूजा अर्चना संगीत मय कथा प्रवक्ता पंडित आलोक मिश्रा साहित्याचार्य के सहयोग से कराई गई। कार्यक्रम स्थल में पहले से गंगा का पवित्र जल कलश में रखा हुआ पीले वस्त्रों और चुनरी धारण किये हुए महिलाओं ने कलश को लाई मंडी से सिर पर रखकर प्रभु का स्मरण करते हुए भक्ति मय वातावरण में भक्ति संगीत के साथ नृत्य करते कथा स्थल तक लाईं इस कलश यात्रा को देखने के लिए सड़कों और अपने घरों की छत से लोगों ने देखकर कार्यक्रम की सफलता को लेकर प्रभु से कामना की।बार बार एक मधुर स्वर संगम रूपी फिजा में गूंज रहा था राधे राधे गीत का गुंजन हो रहा था। कार्यक्रम स्थल में मुख्य यजमान बद्री प्रसाद केसरवानी,श्री मती फूलकली देवी दिनेश कुमार केसरवानी सीमा केसरवानी उमेश केसरवानी हेमप्रभा केसरवानी ने स्वागत किया दीपक केसरवानी ने कहा देश मे अध्यात्म और विज्ञान के साथ गहरा संबंध है !हमें अपनी संस्कृति के धरोहरों को स्मरण रखना चाहिए इस भौतिक वादी समय मे अध्यात्म की भी उतनी आवश्यकता है जितनी विज्ञान की है आयोजको द्वारा कार्यक्रम स्थल श्री राम इंडस्ट्रीज को बहुत अच्छी तरह सजाया गया है ।आगंतुकों और कथा श्रवण के लिए लोगों के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। वहीँ साहित्याचार्य पंडित आलोक मिश्र कथावाचक ने कहा जैसे आकाश से गिरा हुआ जल सागर की ओर जाता है उसी प्रकार सभी देवों को किया गया नमस्कार वन्दना भगवान केशव की ओर प्राप्त होता है।

# भरवारी करारी सड़क चौड़ीकरण के साथ जल्द शुरू होगा निर्माण : विधायक

## परसरा गांव पहुंचकर चायल विधायक संजय गुप्ता ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 2 राजा सुहेलदेव नगर (परसरा) में विकास कार्यों का आज विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने निरीक्षण किया एवं वहां से प्राप्त जनमानस की शिकायतों के निस्तारण हेतु मौके पर जाकर समस्याओं को देखा पूर्व में कराए गए विकास कार्यों का लोकार्पण एवं समस्याओं का दृष्टिगत अन्य कराए जाने वाली विकास कार्यों की घोषणा की गई। साथ ही साथ ग्राम वासियों को अवगत कराया गया कि परसरा चौराहे से करारी तक के मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण हेतु शासन से 20 करोड़ 68 लाख की स्वीकृति करा दी गई है इससे संबंधित टेंडर की कार्रवाई भी की जा चुकी है अति शीघ्र भरवारी से करारी का मार्ग चौड़ीकरण के साथ प्रारंभ होगा गांव के अंदर सभी प्रकार के विकास कार्यों नगर परिषद भरवारी से कराने का उन्होंने निर्देश दे दिए गए हैं इस अवसर पर नगर पालिका के अधिकारी सहित नगरवासी मौजूद रहे।


परसरा गांव में ग्रामीणों के बीच पहुंचे विधायक संजय गुप्ता

# गोवंश के अवशेष खोपा गांव के पास मिलने से मचा हड़कंप

## सराय अकिल थाना क्षेत्र से दो दिन पहले गायब हुए थे दो गोवंश

**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के पनारा गोपालपुर के मजरा धनाजी पुरवा से दो दिन पहले गायब हुए दो गोवंश का आज सोमवार को थाना क्षेत्र के खोपा गांव के पास अवशेष मिला है गोवंश के अवशेष मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है गोवंश के धंधे से जुड़े संदिग्धों का नाम सामने आने के बाद भी पुलिस ने समय रहते कार्यवाही नही की पुलिस ने बिना पोस्टमार्टम कराए गोवंश के अवशेष को दफन करा दिया है गोवंश के अवशेष को पुलिस द्वारा बिना पोस्टमार्टम के दफन कराए जाने के बाद ग्रामीणों और हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियों ने पुलिस का विरोध शुरू कर दिया विरोध शुरू होने के बाद पुलिस ने दफन अवशेष का अब पोस्टमार्टम कराने की तैयारी कर रही है गोकशी की घटना के बाद से पुलिस की कार्यवाई से हिन्दू संगठन नाराज है। जानकारी के मुताबिक सराय अकिल थाना क्षेत्र के पनारा गोपालपुर के मजरा धनाजी का पुरवा से पप्पू रैदास पुत्र सुंदर लाल के गाय और बछिया को शुक्रवार की रात में गौ तस्करों ने गायब कर दिया था पप्पू रैदास अपने गोवंश को खोज रहा था मामले की सूचना सराय अकिल पुलिस को भी दी गई थी लेकिन कहीं सुराग रस्सी नहीं लग रही थी सोमवार के दिन सुबह इसी थाना क्षेत्र के खोपा गांव के बाहर गोवंश के अवशेष मिले हैं मामले की सूचना ग्रामीणों के जरिए सराय अकिल पुलिस को मिली है मौके पर पहुंची पुलिस गोवंश के अवशेष को उठा लाई है और उसे दफन करा दिया है बाद में जब हिंदू संगठनों ने पुलिस के इस कारनामे का विरोध किया तो पुलिस ने गोवंश के अवशेष को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# जिला पंचायत की भूमि का तहसील प्रशासन ने कर दिया बंटवारा

## पशुओं को कैद करने वाले भवन कांजी हाउस में एक कथित चिकित्सक के परिवार ने कब्जा जमा रखा है

## तहसील के तत्कालीन जिम्मेदारों के इस कारनामे पर जांच हुई तो होगा बड़ा खुलासा

**कौशांबी।** जिला पंचायत की मंझनपुर तहसील के बगल में बड़ी संपत्ति है यह संपत्ति राजस्व अभिलेखों में 359 नंबर दर्ज है लेकिन अवैध झुग्गी झोपड़ी डालकर कब्जा करना लोगो द्वारा शुरू किया गया और धीरे-धीरे पक्के भवन जिला पंचायत की भूमि पर निर्माण हो गया बार-बार जिला पंचायत ने अवैध अतिक्रमण पर रोक लगाए जाने की मांग तहसील से की लेकिन जिला पंचायत की भूमि पर अवैध कब्जा नहीं रुक सका और कब्जा धारक काबिज हो गए।

इस मामले में मंझनपुर तहसील के तत्कालीन अधिकारियों की भूमिका सवालों के घेरे में रही है जो जांच का विषय है और जांच हुई तो तहसील के तत्कालीन अधिकारियों के कारनामों पर उन्हें दंड मिल सकता है पूर्व में जिला पंचायत की जमीन के अभिलेखों में हेराफेरी की इस मामले में तीन दशक के बाद भी तहसील के अधिकारियों ने वास्तविक स्थिति पर तहसील की जमीन को दर्ज करने का प्रयास नहीं किया है जिससे जिला पंचायत की भूमि अतिक्रमण का शिकार है। राजस्व अभिलेखों में 359 नंबर पर दर्ज जिला पंचायत की आराजी पर अवैध तरीके से दो खंड कर राजस्व अधिकारियों ने जिला पंचायत की भूमि को 359 पर सीमित कर दिया और 359/ 1 पर अवैध अतिक्रमण कताओं को शामिल कर दिया तहसील के पुराने अभिलेख भी गायब बताए जाते हैं जिसके चलते जिला पंचायत की करोड़ों कीमत की भूमि कब्जे की शिकार हो गई। इतना ही नहीं पशुओं को कैद करने वाले भवन कांजी हाउस में एक कथित चिकित्सक के परिवार ने कब्जा जमा रखा है और कथित चिकित्सक के अवैध कब्जे को मुकदमे के नाम पर बीते तीन दशक से चकर घिन्नी की तरह नचाया जा रहा है जनपद में जब सरकारी कार्यालयों की भूमि मे अवैध कब्जे खाली कराने के मामले में न्याय की यह व्यवस्था है तो आम जनता के मकानों जमीनों में दबंगों द्वारा जबरिया कब्जे खाली कराने में न्याय कैसे मिलता होगा इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है।

# इज्जत की खातिर माता-पिता ने ही कर दिया था बेटी का कत्ल

**प्रतापगढ़।** जनपद में साल भर के भीतर आनर किलिंग की एक और घटना हो गई है। इस बार नवाबगंज इलाके में गर्भवती होने की जानकारी मिलने पर बौखलाए माता-पिता ने कुल्हाड़ी से वार कर बेटी को मार डाला। कातिल मां-बाप को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। करीब सवा साल पहले अंतू थाना क्षेत्र के नंदलाल का पुरवा (राजापुर रैनिया) गांव निवासी प्रीती वर्मा पुत्री राजू वर्मा की 13 मई 2019 को उसके पिता राजू, चाचा राजेश, जमुना प्रसाद और बृजेश ने हत्या कर दी थी। अगले दिन 14 मई को शव सिंघनी घाट पर जला दिया था। 15 मई को उसके चाचा राजेश वर्मा ने प्रीती के गायब होने का मुकदमा अंतू थाने में दर्ज कराया था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि प्रीती अपने गांव के फूलचंद्र वर्मा के भांजे राहुल वर्मा से प्रेम करती थी। दोनों ने बिना किसी को बताए मंदिर में शादी भी कर ली थी। स्वजनों ने प्रीती की शादी सांगीपुर थाना क्षेत्र के पूरे बख्शी गांव में तय कर दी थी। 13 मई को सगाई थी। सगाई की रस्म पूरी होने के बाद जब वर पक्ष के लोग चले गए तो रात करीब आठ बजे प्रीती ने प्रेमी राहुल को घर से कुछ दूर पर बुलाया था। उसी दौरान प्रीती के परिवार के लोगों को आता देख राहुल अपनी बाइक छोड़कर भाग गया था। घर लाने के बाद प्रीती को उसके पिता और चाचाओं ने पीटकर मार डाला इस बीच नवाबगंज थाना क्षेत्र के किसुनदासपुर गांव निवासी पूजा यादव के गर्भवती होने की जानकारी पर पिता कमलेश यादव व मां अनीता देवी ने पहले गर्भपात कराने का प्रयास किया। गर्भपात के लिए डाक्टरों के न कहने पर 24 अक्टूबर को माता-पिता ने कुल्हाड़ी से वारकर बेटी की हत्या कर दी।

## करणी सेना का स्थापना दिवस मनाया गया

**कटरा गुलाब सिंह।** करणी सेना की प्रतापगढ़ टीम ने आज विश्वनाथगंज विधानसभा के अध्यक्ष उमेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में मां अष्टभुजा मंदिर जेठवारा परिसर में जिले के पदाधिकारियों द्वारा उत्तर प्रदेश के सबसे सक्रिय संगठन करणी सेना का प्रथम स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें करणी सेना प्रतापगढ़ के जिला अध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, जिला संगठन मंत्री कुंवर वीर प्रताप सिंह, निखिलेश प्रताप सिंह विधानसभा अध्यक्ष बाबागंज , राहुल सिंह ब्लॉक उपाध्यक्ष कालाकांकर , आशीष सिंह ब्लॉक मंत्री कालाकांकर , राजन सिंह ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मणपुर विश्वनाथगंज , आशीष प्रताप सिंह विधानसभा महामंत्री विश्वनाथगंज , सुशील कुमार सिंह विधानसभा उपाध्यक्ष विश्वनाथगंज, आलोक कुमार सिंह , आजाद सिंह , नितिन मिश्रा , एवं अन्य करणी सैनिक और सदस्य उपस्थित रहे....। इस मौके पर सेना के जिलाध्यक्ष ने बल्लभगढ़ में हुये निकिता तोमर काण्ड पर अपनी आवाज को बुलंद करते हुए इंसाफ के लिए हरियाणा सरकार पर निशाना साधा ।

# कलाकारों ने अपने अभिनय से दर्शकों को किया मन्त्र मुग्ध

**लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़।** अवध रामलीला समिति चमरुपुर शुक्लान के तत्वावधान में चल रही रामलीला के सातवें दिन का शुभारंभ राकेश रंजन शुक्ल व पूर्व प्रधान राजा मौर्य द्वारा मां दुर्गा जी की आरती के साथ हुआ इसके पश्चात समिति के संरक्षक स्व. विनोद कुमार ओझा के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया, तत्पश्चात समीति के अध्यक्ष पवन शुक्ला ( गोलू ) एंव सभी कलाकारों द्वारा मुख्यातिथि का माल्यार्पण कर किया गया। सातवें दिन के मंचन मे कलाकारों द्वारा प्रमुख दृश्यों के रुप मे हनुमान लंकिनी संबाद, लंका में हनुमान बिभिषण संबाद, प्रस्थान, रावण सीता संबाद, अशोक वाटिका में, हनुमान सीता संबाद, हनुमान का सीता से आज्ञा लेकर फल खाने के लिए बाग मे जाना, हनुमान का बाग उजाड़ना, फल खाना, रखवलो को मारना, रावण दरवार मे दूत का आना, अक्षयकुमार को भेजना, अशोक वाटिका में हनुमान द्वारा अक्षयकुमार का वध करना, रावण दरवार मे दूत का आना, मेघनाद को भेजना, मेघनाद का आना, युद्ध करना, हनुमान का मुर्छित होना, मेघनाद द्वारा हनुमान को बांध कर रावण दरवार मे लाना, रावण हनुमान संवाद, विभिषण का आना, पूंछ मे आग लगाना, हनुमान द्वारा लंका दहन करना, सीता के सामने हनुमान का आना, विदा लेकर जामवंत आदि से मिलना फिर खुशी से रामादल मे आना, रामादल मे राम का सुग्रीव हनुमान अंगद आदि से संवाद, सेना प्रस्थान, रावण महल मे रावण मंदोदरि संवाद, रावण दरवार मे रावण विभिषण संबाद, विभिषण का त्याग, दूत भेजना, रामादल मे विभिषण का आगमन, राम द्वारा समुद्र तट की पूजा, रावण द्वारा भेजे गए दूतों का आना, दूतों का मरना, लक्ष्मण का पत्र देकर छोडना, समुद्र का प्रकट होना, नल नील द्वारा पुल निर्माण, रामेश्वरम स्थापना, रावण दरवार मे दूतों का आना, दूतों द्वारा रावण को समझाना, दूतों द्वारा रावण को पत्र देकर जाना, रामादल मे दूत भेजने के लिए विचार करना, अंगद का लंका जाना, लंका निकुंभ अंगद संबाद, युद्ध करना, निकुंभ का वध करना, रावण दरवार मे अंगद रावण संवाद, मुकुट गिरना, प्रस्थान आदि का मंचन विनय कुमार दुबे के निर्देशन में किया गया ।संचालन प्रवक्ता प्रेम नाथ पांडेय के द्वारा किया गया । कलाकारों में मुख्य रूप से राममनोहर पाल, अतुल ओझा, अनुराग शुक्ला, शुभम दूबे, शिवम ओझा, करन शर्मा, विकास पान्डेय, राजेश पटवा, सदाशिव विश्वकर्मा, संतोष शुक्ला आदि कलाकारों द्वारा रामलीला मंचन का सजीव प्रस्तुतिकरण किया गया जिसे देखकर दर्शक भावविभोर हो उठे।


रामलीला मंचन मे आरती करते श्रद्धालु।